# 24

# SSC GD 2024

## DATE : 27-02-2024

## (SHIFT- 9:00 am to 10:00 am)

**PART (A) : सामान्य बुद्धि एवं तर्कशक्ति**

**1.** P, Q, R, S, T, U और V सात मित्र हैं जो एक पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं। S, R के ठीक दाईं ओर बैठा है। T और P, U के पड़ोसी हैं। Q, R के ठीक बाईं ओर बैठा है और बाएं छोर से दूसरे स्थान पर बैठा है। P दाएं छोर पर बैठा है। S के ठीक बाईं ओर कौन बैठा है?

(1) U (2) Q
(3) R (4) T

**2.** निम्नलिखित प्रश्न में कुछ कथन और उन कथनों के आधार पर कुछ निष्कर्ष दिए गए हैं। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है, चाहे वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। सभी निष्कर्षो को ध्यानपूर्वक पढ़िए और निश्चय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है।

कथन:
I. सभी लाल, हरे हैं।
II. कुछ गुलाबी, हरे हैं।

निष्कर्ष:
I. कुछ गुलाबी, लाल नहीं है।
II. सभी हरे, लाल हैं।
III. कुछ हरे, लाल है

(1) सभी निष्कर्ष अनुसरण करते हैं
(2) निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं
(3) केवल निष्कर्ष III अनुसरण करता है
(4) कोई भी निष्कर्ष अनुसरण नहीं करता है

**3.** निम्नलिखित प्रश्न में, विकल्पों में दी गई उस आकृति का चयन कीजिए जिसे प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर रखा जा सकता है।






(1)  (2) 
(3)  (4) 

**4.** पांच व्यक्ति P, Q, R, S, और T एक वृत्ताकार मेज पर एक-दूसरे के विपरीत मुख करके बैठे हैं। R, P के ठीक बाईं ओर बैठा है। S, Q और R के बीच में बैठा है। Q के ठीक बाईं ओर कौन बैठा है?


(1) S (2) P (3) T (4) R





**5.** नीचे दी गई विकल्प आकृतियों में से, उस आकृति का चयन कीजिए जिसमें प्रश्न आकृति छिपी/निहित है। (घूर्णन की अनुमति नहीं है)



(1)  (2) 
(3)  (4) 

**6.** दिए गए विकल्पों में से उस आकृति का चयन कीजिए जिसे दी गई आकृति श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर रखा जा सकता है।



(1)  (2) 
(3)  (4) 

**7.** नीचे दी गई दो संख्याओं को आपस में बदलने पर निम्नलिखित में से कौन-सा समीकरण सही होगा?
5 और 9

(1) 5 – 3 + 9 = 4
(2) 5 + 9 × 2 – 3 = 18
(3) 5 + 3 × 2 – 9 = 12
(4) 5 – 9 + 6 = 10

**8.** एक निश्चित कूट भाषा में, 'HOST' को '9724' लिखा जाता है, 'KINDO' को '45310' लिखा जाता है, और 'KNOWS' को '37654' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'W' को कैसे लिखा जाएगा

(1) 6 (2) 5 (3) 7 (4) 4


**9.** निम्नलिखित में कौन-सी संख्या दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगी?
165, ?, 195, 210, 225, 240

(1) 192 (2) 172
(3) 180 (4) 185

**10.** निम्नलिखित विकल्पों में से दी गई श्रृंखला से लुप्त संख्या का चयन कीजिए।
5, 34, 1, 38, –3, ?


(1) 42 (2) 40
(3) 44 (4) 47

**11.** नीचे एक ही पासे चार अलग-अलग स्थितियां दी गई हैं। '51' वाले फलक के विपरीत फलक पर क्या आएगा?




(1) 53 (2) 54 (3) 55 (4) 52

**12.** नीचे एक ही पासे की दो अलग-अलग स्थितियां दी गई हैं। अक्षर 's' वाले फलक के विपरीत फलक पर क्या आएगा?




(1) o (2) t (3) m (4) p

**13.** निम्नलिखित विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो पांचवें अक्षर-समूह से ठीक उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार चौथा अक्षर-समूह तीसरे अक्षर-समूह से संबंधित है, और दूसरा अक्षर-समूह पहले अक्षर-समूह से संबंधित है।
PIG : OQHJFH :: KIN : JLHIMO :: LED : ?

(1) KMDFCE (2) ECFDMK
(3) CEDFKM (4) MKFDEC

**14.** निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

M, G, L, H, K, I, J, J, ?

(1) I (2) O

(3) L (4) K

**15.** यदि 60 @ 35 # 15 * 6 = –65 और 40 @ 30 # 6 * 7 = –32 है, तो 90 @ 10 # 6 * 5 = ?

(1) 70 (2) 65

(3) 50 (4) 60

**16.** एक निश्चित कूट भाषा में, 'YOUNG' को '25796' लिखा जाता है, 'WOULD' को '80532' लिखा जाता है, 'CANDY' को '49163' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'Y' को कैसे लिखा जाएगा

(1) 7 (2) 2

(3) 9 (4) 5

**17.** A, B का पिता है। B, C का भाई है। C, D का पति है। D, E की बहन है। E, F की मां है। F, G की बेटी है। D का F से क्या संबंध है?

(1) मां (2) बहन

(3) पिता (4) मां की बहन

**18.** दिए गए शब्दों को अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम में व्यवस्थित कीजिए

1. Response
2. Reporter
3. Reaction
4. Registration
5. Relevant

(1) 2, 5, 1, 3, 4

(2) 4, 5, 1, 2, 3

(3) 5, 1, 4, 2, 3

(4) 3, 4, 5, 2, 1

**19.** निम्नलिखित विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो तीसरे शब्द से ठीक उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।

न्यूयॉर्क: यूनाइटेड स्टेट्स : सिडनी : ?

(1) जापान (2) कनाडा

(3) ऑस्ट्रेलिया (4) इंग्लैंड

**20.** निम्नलिखित अक्षर समूहों में से अक्षरों का कौन-सा समूह क्रमबद्ध रूप से बाईं से दाईं ओर रखे जाने पर नीचे दी गई श्रृंखला को पूरा करेगा?

st_vwst_vwstuv_stuvwstuv wstu_w

(1) wuvu (2) uuwv

(3) uuuv (4) uwuv

## PART (B) : सामान्य जागरूकता

**21.** मई 2022 तक, निम्नलिखित में से क्या भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19 का एक हिस्सा नहीं है?

(1) भारत के राज्य क्षेत्र में सर्वत्र अबाध संचरण की स्वतंत्रता

(2) संगम या संघ बनाना

(3) संपत्ति का अधिकार

(4) शांतिपूर्वक और निरायुद्ध सम्मिलित होना

**22.** निम्नलिखित में से कौन-सा व्हाइट गूड्स (White Goods) का उदाहरण है?

(1) कृषि उपकरण

(2) फार्मेसी उत्पाद

(3) एयर कंडीशनर ओर एलईडी लाइटें

(4) आयातित वस्तुएं

**23.** उस्ताद जाकिर हुसेन_____बजाते हैं।

(1) सितार (2) संतूर

(3) तबला (4) गिटार

**24.** भारत के तत्कालीन वायसराय (1876-80 में शासित) लॉर्ड लिटन द्वारा प्रस्तावित इस अधिनियम का उद्देश्य स्थानीय प्रेस को ब्रिटिश नीतियों की आलोचना व्यक्त करने से रोकना था विशेष रूप से, उस विरोध को जो दूसरे साथ बढ़ गया था

(1) आंग्ल-अफगान युद्ध

(2) आंग्ल-फ्रांसीसी युद्ध

(3) पुर्तगाली-अफगान युद्ध

(4) आंग्ल-मैसूर युद्

**25.** निम्नलिखित में से कौन कुडियाट्टम (Koodiyattam) के पुनर्जागरण के दिग्गजों में से एक था?

(1) मकरध्वज दारोगा

(2) अम्मनूर माधव चाक्यार

(3) अमुबी सिंह

(4) पी.के. कुंजू कुरुप

**26.** दिए गए कथन को पूरा कीजिए "अशोक के अधिकांश शिलालेख_____।"

(1) प्राकृत में थे और देवनागरी लिपि में लिखे गए थे

(2) प्राकृत में थे और ब्राह्मी लिपि में लिखे गए थे

(3) ब्राह्मी में थे ओर प्राकृत लिपि में लिखे गए थे

(4) संस्कृत में थे ओर ब्राह्मी लिपि में लिखे गए थे

**27.** त्रिपुरा के निम्नलिखित में से किस दिवंगत दिग्गज आदिवासी नेता को 2023 में मरणोपरांत पद्मश्री प्राप्त हुआ?

(1) भाभा रंजन रियांग

(2) सिंधु चंद्र जमातिया

(3) नरेंद्र चंद्र देबबर्मा

(4) अरबर रहमान

**28.** दीपिका पल्लीकल कार्तिक (Dipika Pallikal Karthik) निम्नलिखित में से कौन-सा खेल खेलती हैं?

(1) मुक्केबाजी (2) स्क्वाश

(3) टेबल टेनिस (4) क्रिकेट

**29.** निम्नलिखित विकल्पों में से कौन-सा, बेरोजगारी का कारण है?

(1) अच्छी शिक्षा व्यवस्था

(2) तीव्र आर्थिक विकास

(3) धीमी जनसंख्या वृद्धि

(4) किसी विशेष क्षेत्र में बड़े पैमाने पर प्रवास

**30.** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 126 में ___का उल्लेख है।

(1) सुप्रीम कोर्ट का स्थान

(2) भारत के कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति

(3) तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति

(4) उच्चतम न्यायालय अभिलेख के न्यायालय होने

**31.** विश्व चैंपियनशिप या ओलंपिक खेलों में भाग लेने के लिए पहलवान (wrestler) की आयु कम से कम ____वर्ष होनी चाहिए, और उसे राष्ट्रीय महासंघ द्वारा प्रायोजित किया जाना चाहिए।

(1) 21 (2) 17 (3) 23 (4) 25

**32.** फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप 2022 की मेजबानी किस देश ने की?

(1) स्पेन (2) जर्मनी

(3) नाइजीरिया (4) भारत

**33.** निम्नलिखित में से किस वर्ष में, NABARD ने MYRADA को एक्शन रिसर्च प्रोजेक्ट (Action Research Project) के लिए मंजूरी दी थी?

(1) 1983 (2) 1987

(3) 1985 (4) 1981

**34.** भारत की 2011 की जनगणना के अनुसार, अखिल भारतीय स्तर पर, वयस्क (15+ वर्ष) साक्षरता दर____है।

(1) 65.3 प्रतिशत (2) 73.3 प्रतिशत

(3) 63.3 प्रतिशत (4) 69.3 प्रतिशत

**35.** हिमाचल प्रदेश में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक पुष्प उत्सव (floral festival) है?

(1) चेत्रोल उत्सव

(2) बेसाखी उत्सव

(3) डूंगरी उत्सव

(4) फुलाइच उत्सव

**36.** अगस्त 2023 में ग्रीस के राष्ट्रपति द्वारा ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ ऑनर (Grand Cross of the Order of Honour) से निम्नलिखित में से किसे सम्मानित किया गया है?
(1) जगदीप धनखड़ (2) ओम बिड़ला
(3) नरेंद्र मोदी (4) पीयूष गोय

**37.** भारत में हरित क्रांति (Green Revolution) के दौरान शुरू किए गए "गहन कृषि जिला कार्यक्रम (Intensive Agricultural District Program-IADP)" का प्राथमिक उद्देश्य क्या था?
(1) जैविक कृषि को बढ़ावा देना
(2) व्यापारिक फसलों की कृषि को बढ़ावा देना
(3) भूमि सुधार लागू करना
(4) विशिष्ट जिलों में कृषि उत्पादकता बढ़ाना

**38.** निम्नलिखित में से कौन-सा तापमान का SI मात्रक है?
(1) पास्कल (Pa) (2) फारेनहाइट (F)
(3) केल्विन (K) (4) सेल्सियस (°C)

**39.** ओरुनोदोई 2.0 (Orunodoi 2.0) निम्नलिखित में से किस राज्य द्वारा लॉन्च किया गया है?
(1) असम (2) राजस्थान
(3) झारखंड (4) मणिपुर

**40.** निम्नलिखित में किसे अक्सर "आधुनिक भरतनाट्यम की जननी" (Mother of Modern Bharatanatyam) कहा जाता है?
(1) रुक्मिणी देवी अरुंडेल
(2) मृणालिनी साराभाई
(3) संजुक्ता पाणिग्रही
(4) मल्लिका साराभाई

## PART (C) : प्रारंभिक गणित

**41.** 22 ÷ (9 – 1 + 7 × 2) + 24 of 9 का मान कितना है?
(1) 216 (2) 217
(3) 215 (4) 218

**42.** दोनों भाइयों की वर्तमान आयु का अनुपात 11 : 13 है तथा 6 वर्ष पहले उनकी आयु का अनुपात 4:5 था। 5 वर्ष बाद उनकी आयु का अनुपात कितना होगा?
(1) 27 : 31 (2) 22 : 29
(3) 17 : 19 (4) 31: 34

**43.** 100 × 10 – 100 + 3000 ÷ (100 × 10) का मान कितना है?
(1) 1030 (2) 1003
(3) 970 (4) 903

**44.** यदि p का p प्रतिशत 729 है, तो p का मान कितना है?
(1) 330 (2) 270
(3) 230 (4) 170

**45.** यदि G : H = 3 : 7 है, तो G:(G +H) का मान कितना है?
(1) 3 : 10 (2) 10 : 3
(3) 6 : 7 (4) 3 : 7

**46.** 897 ÷ 13 +15 ×15 – 27 का मान कितना है?
(1) 272 (2) 267
(3) 271 (4) 275

**47.** D अकेले किसी काम का आधा भाग 100 दिनों में पूरा कर सकता है। 47 दिनों में D द्वारा कितने प्रतिशत काम पूरा किया जाएगा?
(1) 21 प्रतिशत (2) 23.5 प्रतिशत
(3) 20.5 प्रतिशत (4) 26.5 प्रतिशत

**48.** एक समलंब की समानांतर भुजाएं 15 cm और 16 cm हैं और इसका क्षेत्रफल 961 $cm^2$ है। समलंब की समानांतर भुजाओं के बीच की दूरी कितनी है?
(1) 31 cm (2) 15.5 cm
(3) 62 cm (4) 93 cm

**49.** 5 क्रमागत संख्याओं का औसत 19 है। इन 5 संख्याओं में से सबसे बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए।
(1) 29 (2) 23
(3) 21 (4) 17

**50.** किसी संख्या में, क्रमिक रूप से 40 प्रतिशत और 60 प्रतिशत की वृद्धि के स्थान पर 44 प्रतिशत की कमी कर दी जाती है। प्राप्त किए गए परिणाम का मान, सही आभीष्ट मान का कितना प्रतिशत है?
(1) 50 प्रतिशत (2) 20 प्रतिशत
(3) 28 प्रतिशत (4) 25 प्रतिशत

**51.** 8500 ÷ 5 + 24 × 6 – 122 × 3 का मान कितना है?
(1) 1532 (2) 1178
(3) 1214 (4) 1478

**52.** एक शर्ट का मूल्य रु. 1200 अंकित किया जाता है और उस पर 15% की छूट दी जाती है। शर्ट का विक्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।
(1) 1200 रुपए (2) 1020 रुपए
(3) 1290 रुपए (4) 1270 रुपए

**53.** मानव A से प्रारंभ करता है और 29 घंटे में B पर पहुंचता है। वह 2/9 दूरी 9 km/hr की चाल से और शेष दूरी 12 km/hr की चाल से तय करता है। A और B के बीच की दूरी कितनी है?
(1) 264 km (2) 324 km
(3) 376 km (4) 208 km

**54.** अमित, विनीत से तीन गुना अच्छा कारीगर है और इसलिए वह एक काम को विनीत से 32 दिन कम में पूरा कर सकता है। यदि वे दोनों एक साथ मिलकर काम करते है, तो उसी काम को पूरा करने में उन्हें कितने दिन का समय लगेगा?
(1) 48 दिन (2) 36 दिन
(3) 24 दिन (4) 12 दिन

**55.** 17 छात्रों के औसत अंक 180 थे। लेकिन बाद में यह पाया गया कि एक छात्र के अंक गलती से 27 के स्थान पर 72 दर्ज कर दिए गए थे। छात्रों के अंकों का सही औसत कितना है
(1) 183.36 (2) 177.35
(3) 178.98 (4) 180.25

**56.** एक आदमी एक रुपए में 15 आम खरीदता है। एक रुपए में कितने आम बेचने पर उसे 25 प्रतिशत की हानि होगी
(1) 38 (2) 20
(3) 17 (4) 28

**57.** 2 वर्षों के लिए 10,00,000 रुपए की एक धनराशि पर चक्रवृद्धि ब्याज (वार्षिक रूप से संयोजित) और साधारण ब्याज के बीच का अंतर 2401 रुपए है। वार्षिक ब्याज दर ज्ञात कीजिए
(1) 5.2% (2) 4.9%
(3) 6.1% (4) 5.0%

**58.** एक आदमी एक कप को 1792 रुपए में बेचकर 12 प्रतिशत का लाभ कमाता है। यदि वह इसी कप को 1472 रुपए में बेचता है, तो हानि प्रतिशत कितना होगा?
(1) 12 प्रतिशत
(2) 8 प्रतिशत
(3) 15 प्रतिशत
(4) 6 प्रतिशत

**59.** किसी धनराशि पर प्राप्त साधारण ब्याज, उस धनराशि का 81/100 है। वर्षों की संख्या वार्षिक ब्याज दर के बराबर है। वार्षिक ब्याज दर कितनी है?
(1) 12.5 प्रतिशत (2) 10.5 प्रतिशत
(3) 11 प्रतिशत (4) 9 प्रतिशत

**60.** अंकित मूल्य के 3/10 पर एक घड़ी को बेचने पर 16 प्रतिशत की हानि होती है। घड़ी के अंकित मूल्य और क्रय मूल्य का अनुपात कितना होगा
(1) 17:4 (2) 17:4
(3) 14:5 (4) 19:8

## PART (D) : अंग्रेजी

**61.** Find the part of the given sentence that has an error in it. If there is no error, choose 'No error'.
Sneha worked really harder for this event, but unfortunately it got cancelled.
(1) Sneha worked really harder
(2) unfortunately it got cancelled
(3) No error
(4) for this event, but

**62.** Select the word segment that substitutes (replaces) the bracketed word segment correctly and completes the sentence meaningfully. Select the option 'no correction required' if the sentence is correct as given.
An hour later, a dog began to howl somewhere (in a farmhouse far clown) the road.
(1) at farmhouse far up
(2) into a farmhouse far down
(3) inside a farmhouse far downwards
(4) No correction required

**63.** Select the incorrectly spelt word from the given sentence.
Kids who weren't restrained at all definitly suffered the consequences.
(1) restrained
(2) suffered
(3) consequences
(4) definitly

**64.** Replace the bracketed word with one of the given options, which suitably replaces the word without changing the meaning of the sentence:
There are several ways to (mitigate) a blowout without losing control or playing soft.
(1) allay (2) intensify
(3) spread (4) aggravate

**65.** Choose the most appropriate antonym of the underlined word
As children. I think things can be around you, but you really just retain the information that feels <u>pertinent</u> or important to you.
(1) Related (2) Irrelevant
(3) Proper (4) Apt

**66.** In the following question, out of the given four alternatives, select the alternative which best expresses the meaning of the Idiom Phrase.
To mount the throne
(1) To leave one's palace
(2) To bring disgrace to the family
(3) To take the responsibility
(4) To become king, queen etc.

**67.** Choose the idiom/phrase that can substitute the highlighted group of words meaningfully.
Your action has **caused a lot of trouble** and now everyone has to face the repercussions.
(1) Break a leg
(2) Stir a hornet's nest
(3) In the dark
(4) In seventh heaven

**68.** Replace the bracketed word with one of the given options, which suitably replaces the word without changing the meaning of the sentence:
The (famous) scientist made groundbreaking discoveries in the field of physics.
(1) notorious (2) infamous
(3) renowned (4) unknown

**69.** Choose the word that is opposite in meaning to the given word.
Cunning
(1) Oblique (2) Stealthy
(3) Guileful (4) Simple

**70.** Select the most appropriate antonym of the given word.
Intricate
(1) Blocked (2) Simple
(3) Harmony (4) Complex

**71.** Select the sentence with no spelling errors.
(1) Remember that intrnatio-nal travellers have to now get tested and quarantine after they land in the country
(2) Remember that internati-onal travellers have to now get tested and quarantine after they land in the contry.
(3) Remember that internati-onal travellers have to now get tested and quarantine after they land in the country.
(4) Remember that internati-onal travellers have to now get tested and quarentine after they land in the country.

**72.** Find the part of the given sentence that has an error in it. If there is no error, choose "No error", The study has find an increasing correlation between social media usage and feelings of loneliness.
(1) The study has find an increasing
(2) No error
(3) usage and feelings of loneliness.
(4) correlation between social media

**73.** Choose the most appropriate synonym of the underlined word.
Only a rounded bar and three rotting bathtubs remain in the <u>decrepit</u> club.
(1) Hearty (2) Luxurious
(3) Robust (4) Wrecked

**74.** Select the most appropriate word to fill in the blank.
I have already paid him more than____.
(1) enough (2) full
(3) complete (4) halves

**75.** Find the part of the given sentence that has an error in it. If there is no error, choose 'No error'. He tried not to care and keeping marching forward.
(1) He tried not
(2) No error
(3) keeping marching forward.
(4) to care and

**Direction (Q.Nos. 76-80) :** In the given passage, four options are given for each blank. Select the most appropriate option to complete the given passage, which also fits contextually as per the word given in the bracket.

In the age of information technology, the internet has become an indispensable (1. boon)____in our daily lives. It offers a vast (2. stores) ____of knowledge and a platform for global (3. transmissions)____and connectivity. However, this digital revolution also raises concerns about online (4. safety)____and privacy. It is essential for users to be (5. alert)____about their online activities and take steps to protect their personal information in this digital age.

**76.** Fill in the blank (1) with the appropriate word from the options below:
(1) asset (2) luxury
(3) threat (4) barrier

**77.** Fill in the blank (2) with the appropriate word from the options below:
(1) laboratory (2) mandatory
(3) factory (4) repository

**78.** Fill in the blank (3) with the appropriate word from the options below:
(1) concord
(2) conundrum
(3) contour
(4) communication

**79.** Fill in the blank (4) with the appropriate word from the options below:
(1) vigilance (2) insecurity
(3) security (4) incursion

**80.** Fill in the blank (5) with the appropriate word from the options below:
(1) obscure (2) oblivious
(3) absurd (4) wary

## PART (D) : हिन्दी

**61.** निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।
जहर उगलना
(1) उल्टा जवाब देना
(2) मरते-मरते बचना
(3) पुरानी बातें याद करना
(4) कष्टदायक बातें कहना

**62.** दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का विलोम शब्द ज्ञात कीजिए।
दिसंबर में आपकी <u>हाजिरी</u> जरूरी है।
(1) गैरहाजिरी (2) वाजिब
(3) प्रकटन (4) मोजूदगी

**63.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के तद्भव रूप का सही विकल्प है।
लगता है बगल के तालाब से एक (कच्छप)____ बाहर आ गया है।
(1) उल्लू (2) कछुआ
(3) किवाड़ (4) गेंद

**64.** निम्नलिखित वाक्य में, उस वाक्यांश को पहचानिए जिसमें अशुद्धियाँ हैं। यदि कोई गलती नहीं है तो कोई त्रुटि नहीं है का चुनाव कीजिए।
बालश्रम जो कि बच्चों और बचपन के लिए अभिशाप बन/गया है, उसे सिर्फ और सिर्फ तभी तोड़ा जा सकता है जब/समाज के जागरूक लोग एक साथ मिलकर आगे आयें।
(1) गया है, उसे सिर्फ और सिर्फ तभी तोड़ा जा सकता है जब
(2) कोई त्रुटि नहीं है
(3) समाज के जागरूक लोग एक साथ मिलकर आगे आयें
(4) बालश्रम जो कि बच्चों ओर बचपन के लिए अभिशाप बन

**65.** निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित भाग के लिए एक सार्थक शब्द ज्ञात कीजिए।
चमगादड़ <u>रात में घूमने वाले</u> जीवों में से ही एक हैं।
(1) स्थलचर (2) उभयचर
(3) निशाचर (4) नभचर

**66.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के तत्सम रूप का सही विकल्प है। मैंने और मेरे परिवार के लोगों ने मिलकर मंदिर में आज रात की (आरती)____ की।
(1) आरात्रिका (2) आदित्यवार
(3) आच्शारी (4) आमलक

**67.** दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का विलोम शब्द ज्ञात कीजिए।
<u>शहरी</u> व्यक्ति को अनेक लाभ मिलते हैं।
(1) गंभीर (2) ग्रामीण
(3) गुंडा (4) गैरतदा

**68.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के पर्यायवाची शब्द का सही विकल्प नहीं है।
हमें हमेशा (बदमाश)____प्रवृत्ति के लोगों से दूरी बना के रखना चाहिए।
(1) खल (2) पामर
(3) दुर्जन (4) आखु

**69.** निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए मुहावरे के अर्थ को सर्वश्रेष्ठ रूप से व्यक्त करता है।
अपना घर समझना
(1) कुछ भी कहना
(2) संकोच न करना
(3) सारा दिन सोते रहना
(4) कुछ काम न करना

**70.** निम्नलिखित प्रश्न में, चार विकल्पों में से, उस विकल्प का चयन करें जो कोष्ठक में दिए गए शब्द के पर्यायवाची शब्द का सही विकल्प नहीं है।
मेरे घर की (खिड़की)____ से ठंडी-ठंडी हवा आती है।
(1) गवाक्ष (2) डोंडी
(3) वातायन (4) झरोखा

**71.** निम्नलिखित वाक्य में, उस वाक्यांश को पहचानिए जिसमें मात्राओं से संबंधित आशुद्धियाँ हैं। यदि कोई गलती नहीं है तो 'कोई त्रुटि नहीं है' का चुनाव कीजिए।
रक्त संचार से पीड़ित रोगियों को जीवन की / खतरनाक बीमारियों से लड़ने और गुणवत्ता वाले जीवन को / जीने के लिए प्रोत्साहन मिलता है।
(1) कोई त्रुटि नहीं है
(2) जीने के लिए प्रोत्साहन मिलता है
(3) खतरनाक बीमारियों से लड़ने और गुणवत्ता वाले जीवन को
(4) रक्त संचार से पीड़ित रोगियों को जीवन की

**72.** निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित भाग के लिए एक सार्थक शब्द ज्ञात कीजिए।
अफशा <u>बहुत अधिक खर्चा करती</u> है।
(1) कंजूस (2) अपव्ययी
(3) वाचाल (4) मितव्य

**73.** दिए गए वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द ज्ञात कीजिए।
जिसकी चार भुजायें हो
(1) शंकु (2) वृत
(3) चतूर्भुज (4) चतुर्भुज

**74.** दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें, जिसमें कोई त्रुटि है।
राम कुछ देर पहले ही वापिस लौटकर आया है।
(1) आया है।
(2) राम कुछ देर
(3) पहले ही
(4) वापिस लौटकर

**75.** दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें, जिसमें कोई त्रुटि है।
कल उनका बहुत भारी सम्मान हुआ और उन्हें पुरस्कार भी मिला।
(1) भारी सम्मान हुआ
(2) कल उनका बहुत
(3) पुरस्कार भी मिला
(4) और उन्हे

**निर्देश ( प्र.सं. 76-80 ) :** नीचे दिए गए गद्य में कुछ शब्द छोड़ दिए गए हैं और प्रत्येक रिक्त स्थान के चार विकल्प दिए गए हैं। इन चारों में से कौन सा विकल्प रिक्त स्थान की पूर्ति करेगा–

लोक आस्था के (1)____ छठ बिहार व दिल्ली सहित देश के (2)____ हिस्सों में श्रद्धा और (3) ____के साथ मनाया जा रहा है। पटना में पर्व के तीसरे दिन (4)____ सूर्य को आर्ध्य देने के लिए घाटों पर आस्था का (5)____ उमड़ पड़ा।

**76.** रिक्त (1) के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(1) महाषय (2) महारानी
(3) महापर्व (4) महाराज

**77.** रिक्त (2) के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(1) संकठ (2) सेनापति
(3) विभिन्न (4) स्वदेश

**78.** रिक्त (3) के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(1) कंठ
(2) सहायता
(3) शोक
(4) उल्लास

**79.** रिक्त (4) के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(1) अस्ताचलगामी (2) अष्टमी
(3) सप्तमी (4) द्वादश

**80.** रिक्त (5) के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(1) कल-परसो
(2) जन-सैलाब
(3) सगे-संबंधी
(4) मनोवृत्ति

## उत्तरमाला

### PART (A) : सामान्य बुद्धि एवं तर्कशक्ति

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (3) | 2. (3) | 3. (4) | 4. (3) | 5. (2) | 6. (4) | 7. (4) | 8. (1) | 9. (3) | 10. (1) |
| 11. (3) | 12. (1) | 13. (1) | 14. (1) | 15. (3) | 16. (3) | 17. (4) | 18. (4) | 19. (3) | 20. (2) |

### PART (B) : सामान्य जागरूकता

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 21. (3) | 22. (3) | 23. (3) | 24. (1) | 25. (2) | 26. (2) | 27. (3) | 28. (2) | 29. (4) | 30. (2) |
| 31. (2) | 32. (4) | 33. (2) | 34. (4) | 35. (4) | 36. (3) | 37. (4) | 38. (3) | 39. (1) | 40. (1) |

### PART (C) : प्रारंभिक गणित

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 41. (2) | 42. (1) | 43. (4) | 44. (2) | 45. (1) | 46. (2) | 47. (2) | 48. (3) | 49. (3) | 50. (4) |
| 51. (4) | 52. (2) | 53. (2) | 54. (4) | 55. (2) | 56. (2) | 57. (2) | 58. (2) | 59. (4) | 60. (3) |

### PART (D) : अंग्रेजी

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 61. (1) | 62. (4) | 63. (4) | 64. (1) | 65. (2) | 66. (4) | 67. (2) | 68. (3) | 69. (4) | 70. (2) |
| 71. (3) | 72. (1) | 73. (4) | 74. (1) | 75. (3) | 76. (1) | 77. (4) | 78. (4) | 79. (3) | 80. (4) |


### PART (D) : हिन्दी

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 61. (4) | 62. (1) | 63. (2) | 64. (2) | 65. (3) | 66. (1) | 67. (2) | 68. (4) | 69. (2) | 70. (2) |
| 71. (1) | 72. (2) | 73. (4) | 74. (4) | 75. (1) | 76. (3) | 77. (3) | 78. (4) | 79. (1) | 80. (2) |


## उत्तर सहित व्याख्या

### PART (A) : सामान्य बुद्धि एवं तर्कशक्ति

**1. (3)** VQRSTUP
S के ठीक बाईं ओर R बैठा हैं।

**2. (3)**



**3. (4)**

**4. (3)**


Q के ठीक बाईं ओर T बैठा हैं।

**5. (2)**


**6. (4)**

**7. (4)** 9-5+6=10

**8. (1)**
H O S T = 9 7 2 4
K I N D O = 4 5 3 1 0
K N O W S = 3 7 6 5 4
⇒ W=6

**9. (3)**
165, 180, 195, 210, 225, 240
(15, 15, 15, 15, 15)

**10. (1)** 5, 34, 1, 38, -3, 42
(+4, +4; -4, -4)

**11. (3)**




**12. (1)**
M O P
M S T

**13. (1)** PIG : OQHJFH
(+1, -1, +1, -1, +1, -1)

**14. (1)** M, G, L, H, K, I, J, J, I
(+1, +1, +1; -1, -1, -1, -1)

**15. (3)** @=-, #=-, *=×
90-10-6×5=50

**16. (3)**
Y O U N G = 2 5 7 9 6
W O U L D = 8 0 5 3 2
C A N D Y = 4 9 1 6 3
⇒ Y=9

**17. (4)**


18. (4)

19. (3)

20. (2) stuvwstuvwstuvwstuvwst uvwstuvw

## PART (B) : सामान्य जागरूकता

21. (3) अनुच्छेद (19)(a) – अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार
अनुच्छेद 19(b) – शांतिपूर्ण और निःशस्त्र रूप से सभा करने का अधिकार
अनुच्छेद 19(c) – संघ एवं यूनियन स्थापित करने का अधिकार
अनुच्छेद 19(d) – भारत में भ्रमण करने का अधिकार
अनुच्छेद 19(e) – भारत के किसी भाग में निवास करने और बसने का अधिकार
अनुच्छेद 19(f) – निरसित
अनुच्छेद 19(g) – कोई भी व्यवसाय,, व्यापार या पेशा करने का अधिकार

22. (3) व्हाइट गुड्स – रेफ्रिजरेटर, वाशिंग मशीन, डिशवाशर, माइक्रोवेव्स और ओवन, एयर कंडीशनर
ब्लैकगुड्स – टेलीविजय, आडियो सिस्टम, कैमरा, गेमिंग एप्स

23. (3)

24. (1) आंग्ल-अफगान युद्ध – 1876-80A.D.
आंग्ल-फ्रांसीसी युद्ध – 1746-63A.D.
आंग्ल मैसूर युद्ध – 1767-69A.D.

25. (2) मकरध्वज दारोगा- झारखंड के सरायकेला के रहने वाले एक शास्त्रीय नर्तक एवं गुरू थे। इन्होंने छऊ नृत्य के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

26. (2) अशोक द्वारा निर्मित शिलालेखों का संग्रह है। उन्होंने 368 ई०पू० से 232 ई०पू० तक शासन किया। ये शिलालेख भारतीय उपमहाद्वीप और आधुनिक अफगानिस्तान, नेपाल, बांग्लादेश और पाकिस्तान में चट्टानों, स्तंभों और सतहों पर पाये जाते हैं। अशोक के शिलालेख प्राकृत और ब्राह्मी लिपि में लिखे गये थे।

27. (3)
1. भाभा रंजन रियांग – एक भारतीय राजनीतिज्ञ हैं और त्रिपुरा जनजातीय क्षेत्र स्वायत्त जिला परिषद के सदस्य हैं।
2. सिंधु चन्द्र जमातिया – सामाजिक कार्यकर्ता एवं राजनीतिज्ञ (विधानसभा सदस्य)
3. नरेन्द्र चन्द्र देवबर्मा – आल इंडिया रेडियो – निदेशक(अगरतल्ला)

28. (2)

| खेल | | खिलाड़ी |
|---|---|---|
| मुक्केबाजी | – | मैरीकोम |
| स्क्वाश | – | सौरभ घोषाल दीपिका पल्लीकल |
| टेबल टेनिश | – | शरथ कमल, मनिका बत्रा संघियान गणशेकरन |
| क्रिकेट | – | मयंक यादव, विराट कोहली, यशस्वी जायसवाल |

29. (4) बेरोजगारी के निम्नलिखित कारण हो सकते हैं–
आर्थिक मन्दी, तकनीकी परिवर्तन, संरचनात्मक परिवर्तन, वैश्वीकरण, सरकारी नीतियाँ, प्राकृतिक आपदाएँ और किसी विशेष क्षेत्र से बड़े पैमाने पर प्रवासन

30. (2) भारतीय संविधान में अनुच्छेद 126 में मुख्य न्यायाधीश के कर्त्तव्यों को निभाने के लिए अस्थायी मुख्य न्यायधीश की नियुक्ति से संबंधित है।

31. (2) ओलंपिक खिलाड़ियों (पहलवान) की न्यूनतम आयु 17 वर्ष होनी चाहिए।

32. (4)

| वर्ष | | देश |
|---|---|---|
| 2008 | – | न्यूजीलैण्ड |
| 2010 | – | त्रिनिटाड और टोबेगो |
| 2012 | – | अजरबैजान |
| 2014 | – | कोस्टारिका |
| 2016 | – | जार्डन |
| 2018 | – | उरुग्वे |
| 2022 | – | भारत |
| 2024 | – | डोमिनिकन गणराज्य (होगा) |

33. (2) राष्ट्रीय कृषि ग्रामीण विकास बैंक (NABARD) भारत का एक प्रमुख बैंक है। इसकी स्थापना 1982 में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक अधिनियम, 1981 के तहत की गई थी। नाबार्ड का प्रमुख उद्देश्य सतत और न्यायसंगत कृषि को बढ़ावा देना, ग्रामीण विकास बैंक अधिनियम, 1981 के तहत की गई थी।

34. (4)

35. (4)

| राज्य | | उत्सव |
|---|---|---|
| चैत्रोल | – | हिमाचल-नवरात्रि की तरह |
| बैसाखी | – | पंजाब-कृषि के पश्चात |
| डूंगरी | – | हिमाचल बसन्त के अवसर |
| फुलाइच | – | हिमाचल पुष्प पर्व की तरह |

36. (3)

37. (4) गहन कृषि विकास कार्यक्रम, जिसे पैकेज कार्यक्रम के रूप में भी जाना जाता है। भारत सरकार ने 1961 में फोर्ड फाउण्डेशन की सहायता से शुरू किया गया था। इस योजना के तहत बीज और उर्वरकों के लिए ऋण आते दिये जाते थे।

38. (3) पास्कल दाब का मात्रक है। शेष तापमान के मात्रक है।

39. (1) ओरूनोदोई-2 असम सरकार द्वारा प्रारंभ की गई योजना है। जिसका उद्देश्य निम्न-आय वाले परिवार की महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता और कल्याण हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करना है।

40. (1) रूक्मिणी देवी अरूंडेल –
इन्हें भरतनाट्यम की जननी कहा जाता है।

| | | |
|---|---|---|
| मृणालिनी साराभाई | – | भरतनाट्यम एवं कथकली |
| संजुक्ता पाणिग्रही | – | ओडिसी |
| मल्लिका साराभाई | – | भरतनाट्यम एवं कुचिपुड़ी |

## PART (C) : प्रारंभिक गणित

41. (2) $22 \div (9 - 1 + 7 \times 2) + 24 \text{ of } 9$
$\Rightarrow 22 \div (8 + 14) + 16$
$\Rightarrow 22 \div 22 + 216$
$\Rightarrow 217$

42. (1) प्रश्नानुसार
$$\frac{11x - 6}{13x - 6} = \frac{4}{5}$$
$55x - 30 = 52x - 24$
$3x = 6$
$x = 2$
5 वर्ष बाद उनकी आयू
$= 11x + 5 : 13x + 5$
$27 : 31$

43. (4) $100 \times 10 - 100 + 3000 \div (100 \times 10)$
$\Rightarrow 1000 - 100 + 3$
$\Rightarrow 903$

44. (2) प्रश्नानुसार
$$P \times \frac{P}{100} = 729$$
$P = 270$

**45. (1)** G : H — 3 : 7

अब, G : (G+H) = 3 : 10

**46. (2)** 897 ÷ 13 +15 × 15 – 27

⇒ 69 + 225 – 27


⇒ 267

**47. (2)** D द्वारा काम करने में लिया गया समय = 200 दिन

आवश्यक प्रतिशत $= \frac{47}{200} \times 100$

= 23·5%

**48. (3)** माना बीच की दुरी = D



समलंब का क्षे. $= \frac{1}{2}$(a+b)× h

$961 = \frac{1}{2} \times (15 + 16) \times h$

h = 62 सेमी

**49. (3)** जब संख्याओं के बीच का अन्तर समान हो तब श्रृंखला के बीच वाली संख्या औसत होती है।

17, 18, (19), 20, (21)

(19) — औसत; (21) — सबसे बड़ी संख्या

**50. (4)** माना संख्या = 100

$100 \xrightarrow{+40\%} 140 \xrightarrow{+60\%} 224$

↓ –44%

56

$\therefore \frac{56}{224} \times 100 = 25\%$

**51. (4)** 8500 ÷ 5 + 24 × 6 – 122×3

⇒ 1700 + 144 – 366

⇒ 1478

**52. (2)** विक्रय मुल्य $= 1200 \times \frac{85}{100}$

= 1020

**53. (2)** माना कुल दूरी = 9 km

A ←—9 km इकाई—→ B

प्रश्नानुसार

$\frac{2 \text{ इकाई}}{9} + \frac{7 \text{ इकाई}}{12} = 29$

$\frac{8 \text{ इकाई} + 21 \text{इकाई}}{36} = 29$

29 इकाई = 29 × 36

1 इकाई = 36

9 इकाई = 324 km

**54. (4)**

| | विनीत | : | अमित |
|---|---|---|---|
| क्षमता — | 1 | : | 3 |
| समय — | 3 | : | 1 |

अन्तर - 2 इकाई

प्रश्नानुसार

2 इकाई = 32

1 इकाई = 16

3 इकाई = 16 × 3 = 48

विनीत - 48 (1)

अमित - 16 (3) → 48

दोनों साथ में मिलकर काम करेंगे –

$\frac{48}{4}$ =12 दिन

**55. (2)** प्रश्नानुसार

17 × 180 = 3060

27 के स्थान पर 72 दर्ज किये गये

⇒ 72 – 27= 45(अधिक लिया गया)

सही औसत $= \frac{3060 - 45}{17}$

= 177·35

**56. (2)** प्रश्नानुसार

माना 1 रू. में x बेचता है।,

अब,

$\frac{1}{x} = \frac{1}{15} \times \frac{125}{100}$

x = 20

**57. (2)** प्रश्नानुसार

$D = P \times \left(\frac{r}{100}\right)^2$

$2401 = 1000000 \times \frac{r^2}{100 \times 100}$

$2401 = 100 \times r^2$

$r^2 = \frac{2401}{100}$

r = 4·9%

**58. (2)** प्रश्नानुसार

$\frac{1792}{112} = \frac{1472}{100 - x}$

x = 8%

**59. (4)** माना धनराशी = P

सा. ब्याज $= \frac{\text{मुलधन} \times \text{दर} \times \text{समय}}{100}$

$\frac{81}{100} P = \frac{P \times r \times r}{100}$

r = 9%

**60. (3)** प्रश्नानुसार,

छूट प्रतिशत$= \left(1 - \frac{3}{10}\right) \times 100$

$= \frac{7}{10} \times 100 = 70\%$

$\therefore \frac{MRP}{CP} = \frac{100 \pm P / L\%}{100 - D\%}$

$= \frac{100 - 16}{100 - 70}$

$= \frac{84}{30} = \frac{14}{5}$

## PART (D) : अंग्रेजी

**61. (1)** **"harder"** (कठोर) is used for comparing two things, like "She worked harder than last time. "In this sentence, she put in a lot of effort, so we should say **"really hard"** (कड़ी मेहनत).

**62. (4)** No correction required **"down"** correctly suggests a location further along the road from the speaker's perspective.

**63. (4)** The correct spelling should be **"definitely"** (निश्चित रूप से) Means without doubt or certainly.

**Restrained** (रोकना): Means held back or prevented from doing something. (Correctly spelled)

**Suffered)** (पीड़ित होना): Means experienced pain or hardship. (Correctly spelled)

**Consequences** (परिणाम): Means the results or effects of an action. (Correctly spelled)

**64. (1)** **Mitigate** (कम करना) means to make something less

severe, serious, or painful. In this context, it refers to reducing the impact of a blowout. Similarly, **Allay** (कम करना)means to diminish or put to rest (fear, suspicion, or worry) implies reducing the severity or impact of the situation.

**Intensify** (तीव्रता बढ़ाना) : Means to make something stronger or more extreme

**Spread** (फैलाना): Means to extend or distribute over an area,

**Aggravate** (बिगाड़ना): Means to make a problem or injury worse or more serious.

**65. (2)** **Pertinent** (संबंधित) means relevant or applicable to a particular matter, while **Irrelevant** (गैर-संबंधित) means not relevant or applicable; it indicates that the information does not pertain to the matter at hand.

**Related** (संबंधित): Means connected or associated with something

**Proper** (उचित): Means suitable or fitting

**Apt** (उचित): Means appropriate or suitable in the circumstances

**66. (4)** The phrase **"to mount the throne"** means **to become king, queen, etc.**

**67. (2)** **Stir a hornet's nest:** This means to create trouble or provoke.

**Break a leg** This is a way to wish someone good luck

**In the dark** This means to be unaware or uninformed about something

**In seventh heaven** This means to be extremely happy or in a state of bliss.

**68. (3)** **Famous** (प्रसिद्ध) means known about by many people. Similarly, **Renowned** (प्रसिद्ध) also means celebrated or well-known, especially for a particular quality or achievement.

**Notorious** (कुख्यात): Means famous or well-known, typically for some bad quality or deed

**Infamous** (कुख्यात): it means well-known for some bad quality or deed,

**Unknown** (अज्ञात): Means not known or familiar.

**69. (4)** **Cunning** (चालाक) means having or showing skill in achieving one's ends by deceit or evasion; it often implies being clever in a deceptive way, while **Simple** (सरल) means straightforward, uncomplicated.

**Oblique** (अव्यक्त): Means not explicit or done in an indirect way

**Stealthy**(चुपके से) : Means behaving in a cautious and surreptitious manner

**Guileful** (धूर्त): Means skilled in deception

**70. (2)** **Intricate** (जटिल) means very detailed or complicated, with many interconnected parts or elements, while **Simple** (सरल) means easy to understand or not complicated

**Blocked** (रुका हुआ): Refers to something that is obstructed or not able to proceed

**Harmony** (सामंजस्य): Means a pleasing arrangement of different things, often relating to music or a peaceful state

**Complex** (जटिल) : Means consisting of many different and connected parts.

**71. (3)** Remember that international travellers have to now get tested and quarantine after they land in the country.

Correct spellings are: **international** (अंतरराष्ट्रीय), **country** (देश) and **Quarantine :** A period of isolation

**72. (1)** has + v3 form

The study has found.........

**73. (4)** **Decrepit** (बुजुर्ग, जीर्ण) means worn out or weakened by old age or use; it often refers to something that is in a state of disrepair or ruin. Similarly, **Wrecked** (बर्बाद) means damaged or destroyed.

**Hearty** (ऊर्जावान): Means vigorous, strong, or healthy

**Luxurious** (भव्य) : Refers to something very comfortable or elegant

**Robust** (मजबूत) : Means strong and healthy

**74. (1)** **Enough** (पर्याप्त) means an adequate amount, In the sentence it suggests that the speaker has paid more than what is considered sufficient.

**Full** (पूर्ण) : Means having no empty space

**Complete** (पूर्ण) : Means whole or finished; like "full

**Halves** (आधा) : Refers to two equal parts of something

**75. (3)** Use of infinitive form (to + v1st) suggests that the next verb should also be in the base form.

It should be : **"keep marching forward."**

**76. (1)** **Asset** (संपत्ति): A valuable thing, person, or quality that can provide benefit.

The internet is described as an indispensable asset in daily life, meaning it is a valuable and essential part of our existence.

**Luxury** (लक्ज़री): A state of great comfort or elegance, often involving great expense.

**Threat** (खतरा): A statement of an intention to cause harm; danger.

**Barrier** (बाधा): An obstacle that prevents movement or access.

**77. (4)** **Repository** (भंडार): A place where things are stored; a storage location, especially for data or information, In this context, "vast repository of knowledge" indicates that the internet stores a large amount of information.

**Laboratory** (प्रयोगशाला): A facility for experimental study.

**Mandatory** (अनिवार्य): Required by law or rules; obligatory.

**Factory** (कारखाना) : A building where goods are manufactured.

**78. (4)** **Communication** (संचार) : The imparting or exchanging of information or news, as the internet facilitates worldwide exchange of information.

**Concord** (एकता) : Agreement or harmony between people.

**Conundrum** (पहेली): A confusing and difficult problem or question.

**Contour** (आकृति): An outline or shape of something.

**79. (3)** **Security** (सुरक्षा): The state of being free from danger or threat, "online security" indicates the importance of protecting oneself from digital threats.

**Vigilance** (सतर्कता) : The action or state of keeping careful watch for possible danger or difficulties.

**Insecurity** (असुरक्षा) : Uncertainty or anxiety about oneself; lack of confidence.

**Incursion** (आक्रमण) : An invasion or attack.

**80. (4)** **Wary** (सावधान) : Feeling or showing caution about possible dangers or problems, "be wary about their online activities" suggests that users should be cautious and alert regarding their internet use.

**Obscure** (अस्पष्ट) : Not discovered or known about; uncertain.

**Oblivious**(अज्ञात) : Not aware of or not concerned about what is happening around one.

**Absurd** (असमंजस) : Wildly unreasonable or illogical.

## PART (D) : हिन्दी

**61. (4)** 'जहर उगलना' मुहावरे का अर्थ 'कष्टदायक बातें कहना' है।

वाक्य प्रयोग : राजनीति में हर नेता अपनी विपक्षी पार्टी के प्रति जहर उगलता है।

**62. (1)** 'हाजिरी' का विलोम शब्द 'गैरहाजिरी' है।

**63. (2)**

| **तत्सम** | | **तद्भव** |
|---|---|---|
| कच्छप | - | कछुआ |
| उलूक | - | उल्लू |
| कपाट | - | किवाड़ |
| कंदुक | - | गेंद |

**64. (2)** दिये गये वाक्यांश में कोई त्रुटि नहीं है।

**65. (3)** रात में घूमने वाले जीवों को निशाचर कहते है। जैसे –चमगादड़, उल्लू इत्यादि।

**66. (1)**

| **तत्सम** | | **तद्भव** |
|---|---|---|
| आरात्रिका | - | आरती |
| आदित्यवार | - | इतवार |
| आमलक | - | आँवला |

**67. (2)**

| **शब्द** | | **विलोम** |
|---|---|---|
| शहरी | - | ग्रामीण |
| गंभीर | - | चंचल |
| गुंडा | - | शरीफ |

**68. (4)** खल, पामर, दुर्जन सब 'बदमाश' के पर्यायवाची हैं।

**69. (2)** 'अपना घर समझना' मुहावरे का अर्थ है, संकोच न करना या अपने घर की तरह दूसरों के घर में रहना।

**70. (2)** गवाक्ष, वातायन तथा झरोखा, 'खिड़की' के पर्यायवाची शब्द है। डोंडी निरर्थक शब्द है।

**71. (1)** इस वाक्यांश में कोई त्रुटि नहीं है।

**72. (2)** ज्यादा खर्च करने वाले को एक शब्द में 'अपव्ययी' कहते है। जबकी कम खर्च करने वाले को 'मितव्ययी' कहते है। 'वाचाल' ज्यादा बोलना वाले व्यक्ति को कहते है।

**73. (4)** 'जिसकी चार भुजाए हो' उसे चतुर्भुज कहते है।

**74. (4)** 'वापिस' शब्द गलत है। शुद्ध शब्द 'वापस' है।

**75. (1)** एक व्यक्ति के रुप में 'भारी सम्मान' का प्रयोग गलत है।

सही वाक्य है।– कल उनका बहुत सम्मान हुआ और उन्हें पुरस्कार भी मिला।